राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल मेहंदीपुर बालाजी में श्रीराधाकृष्ण जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित हुए

## मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

जयपुर, 27 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को दौसा जिले में मेहंदीपुर बालाजी मंदिर और सीताराम मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के महंत श्री नरेशपुरी जी महाराज के साथ पूजा–अर्चना कर देश–प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल श्री मिश्र श्री राधाकृष्ण जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने राधा–कृष्ण जी के विग्रह की वैदिक रीति से विधिवत पूजा–अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में भाग लिया। बाद में उन्होंने आचार्य मृदुल कृष्ण महाराज द्वारा सुनाई जा रही भागवत कथा का भी श्रवण किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती ममता भूपेश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

———